Seminar on Careers for Law Graduates conducted at ICFAI University – September 19, 2018

गुरुवार, 20 सितंबर 2018
हिन्दुस्तान
22

लॉ में करियर की संभावनाओं पर चर्चा

संगोष्ठी

रांची | प्रमुख संवाददाता

इक्फाई विश्वविद्यालय में ला के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर बुधवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि कानून का क्षेत्र भारत में हमेशा एक सम्मानित पेशा रहा।

उन्होंने बताया कि हाल ही में धारा 377 पर फैसले में कहा गया कि भारत के वकील न केवल नागरिकों को न्याय दिलाने में मदद कर रहे हैं, बल्कि उन्हें गरिमा के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए सक्षम बना रहे हैं। प्रो राव ने कहा कि कानून की पढ़ाई सिर्फ पारंपरिक सिविल लॉ, क्रिमिनल लॉ न होकर साइबर लॉ, अंतरराष्ट्रीय लॉ जैसे क्षेत्र में भी करियर के अवसर दे रही है। अमिताभ दीपक, अमित दास ने भी कानून के क्षेत्र में विभिन्न अवसरों की जानकारी छात्रों को दी।

इक्फाई विश्वविद्यालय में बुधवार को जानकारी देते अतिथि। • हिन्दुस्तान

दैनिक भास्कर

इक्फाई विवि में लॉ क्षेत्र में करियर पर सेमिनार का आयोजन

एक्सपर्ट्स ने कहा-साइबर लॉ अंतरराष्ट्रीय लॉ में भी है करियर

अधिकारों की रक्षा में मदद करती है कानूनी शिक्षा

सिटी रिपोर्टर | रांची

इक्फाई विवि में लॉ क्षेत्र में करियर पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में कार्यरत, कानूनी पेशेवर और उद्योग जगत के पेशेवरों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस मौके पर प्रो. राव ने कहा कि आज कानून की पढ़ाई करके न केवल पारंपरिक नागरिक लॉ, क्राइम लॉ में बल्कि साइबर लॉ, अंतरराष्ट्रीय लॉ जैसे क्षेत्रों में भी करियर के अवसर हैं। अमिताभ दीपक, राज्य कानूनी प्रमुख ने उद्योग में कानूनी पेशेवरों के लिए करियर के अवसर के बारे में बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता अमित उमद दास ने विद्यार्थियों को कानूनी सेवाओं में कैसे सफल हुआ जाए, इसकी जानकारी दी।

सेमिनार को संबोधित करते हुए एसोचैम के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. एसके सिंह ने वैश्वीकरण के कारण आए कानूनी क्षेत्र में नई नौकरी के अवसरों पर प्रकाश डाला। विवि में आयोजित इस सेमिनार में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय प्रमुख [illegible] सिंह ने कहा कि कानूनी शिक्षा हमें हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने में मदद करती है।

विवि के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने यहां प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि कानून को हमेशा भारत में महान पेशा माना जाता रहा है।

इक्फाई विवि में कानून के क्षेत्र में कैरियर पर संगोष्ठी

संवाददाता

रांची : इक्फाई विश्वविद्यालय में गुरुवार को कानून के क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं पर संगोष्ठी हुआ।

कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव ने कहा कि कानून को हमेशा भारत में महान पेशा माना जाता है। हाल ही में धारा 377 पर फैसले में कहा गया कि भारत के वकील ना केवल नागरिकों को न्याय दिलाने में मदद कर रहे हैं, बल्कि उन्हें गरिमा के साथ शांति से जीवन जीने के लिए सक्षम बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून की पढ़ाई सिर्फ पारंपरिक, सिविल और क्रिमिनल लॉ ना होकर साइबर लॉ के अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भी कैरियर का अवसर दे रही है । सेमिना में आए अमिताभ दीपक ने कार्यालयों एवं उद्योग में कानूनी पेशेवर के लिए कैरियर के अवसर को बताया।